**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना कृषि में महिलाओं द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं पृथ्वी की रक्षा करने के लिए लोगों को जागरूक करना था। इसके अन्तर्गत भीमताल ब्लॉक के चौपडा गांव में पौधारोपण कर ग्रामीण परिवारों को पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीण परिवारों को लीची, नींबू, शरीफा, जामुन, करौंदा आदि के वृक्ष दिये गये। साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, पेड़ों की कटाई ना करने, प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग रोकने, घरों के आस–पास कूड़ा ना फेंकने आदि का संकल्प लिया गया। परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा ग्रामीण परिवारों को जलवायु परिवर्तन एवं इससे हो रहे नुकसान के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में डा. सुनीता शर्मा, डा. पूनम तिवारी, डा. दीपा जोशी, डा. बीनू उपस्थित थे।




*पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को वृक्ष वितरित करते अधिकारीगण।*